बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-101
18/02/2025

# मुख्यमंत्री ने कैमूर जिले को दी 345 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 169 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 18 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में कैमूर जिला के नवनिर्मित बाजार समिति, मोहनिया परिसर से 345.50 करोड़ रुपये की कुल 169 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया, इसमें 233.29 करोड़ रुपये की 79 योजनाओं का शिलान्यास और 112.20 करोड़ रुपये की 90 योजनाओं का उद्‌घाटन शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कैमूर जिला अंतर्गत मोहनिया प्रखंड के ग्राम पंचायत भरखर में पंचायत सरकार भवन का रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन किया। इसकी प्राक्कलित राशि 1.11 करोड़ रुपये है। उद्‌घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर पुस्तकालय, राजस्व कर्मचारी कक्ष, मुखिया कक्ष, उपमुखिया कक्ष, सचिव कक्ष, पंचायत स्तरीय एवं अन्य कर्मी कक्ष का जायजा लिया। ग्राम पंचायत भरखर के मुखिया श्री द्वारिका सिंह ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन के सामने मनरेगा द्वारा सौंदर्यीकृत तालाब, ग्राम पंचायत भरखर में 9.50 लाख रुपये की लागत से पांडे पोखर के समीप लगाए गए ओपेन जिम, जल–जीवन–हरियाली अंर्तगत 9.97 लाख रुपये की लागत से मनरेगा द्वारा सौंदर्यीकृत पांडे पोखर, मनरेगा द्वारा 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित कराए गए हरियाली पार्क तथा 26.14 लाख रुपये की लागत से ग्राम भरखर में निर्मित कराए गए सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सौंदर्यीकृत तालाब का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब के किनारे सीढ़ीघाटों का निर्माण कराएं, इससे लोगों को सुविधा होगी। छठ पर्व के दौरान व्रतियों को भी अनुष्ठान करने में काफी सहूलियत मिलेगी। यहां एक ही जगह हरियाली पार्क, तालाब, ओपेन जिम आदि होने से दृश्य काफी सुंदर हो गया है। तालाब के किनारे वाकिंग पथ की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि लोग यहां आसानी से टहल भी सकें।

मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, भरखर का निरीक्षण कर क्लासरुम, स्पेस–कम–साइंस एन्ड रोबोटिक लैब का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यालय में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों से बातचीत भी की। कैमूर जिला अंतर्गत विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से उद्‌घाटन एवं शिलान्यास किया। जीविका दीदियों एंव विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना से 3525 लाभान्वित परिवारों को प्रदत्त जीविकोपार्जन निवेश निधि के तहत 7 करोड़ 86 लाख 49 हजार 984 रुपये का सांकेतिक चेक, 11596 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंको द्वारा ऋण 216 करोड़ 82 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 1023 ग्राम संगठनों को सामुदायिक निवेश निधि का हस्तानातंरण अंतर्गत 19 करोड़ 76 लाख रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। इसके अतिरिक्त समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना अंतर्गत 51 लाख रुपये का चेक, बिहार

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम सर्टिफिकेट, मनरेगा द्वारा निर्मित नवजीविका ग्राम संगठन भवन की चाबी तथा मनरेगा द्वारा निर्मित 4 आंगनबाड़ी केंद्र की चाबी प्रदान किया। मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 93 लाभुकों को 1 करोड़ 86 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, बिहार लघु उद्यमी योजना के 400 लाभुकों को 4 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत सांकेतिक चेक एवं चाबी लाभुकों को प्रदान किया। इस दौरान जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कार्यों को देखा था। बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी। वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस कार्य से प्रेरित होकर देशभर में आजीविका नाम से इस योजना को शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। अब हमलोग बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी जीविका समूह का गठन करा रहे हैं। अब तक 3 लाख से ज्यादा जीविका दीदियों की संख्या शहरी क्षत्रों में हो गई है। आपलोगों को हर प्रकार से सरकर मदद पहुंचा रही है। आपकी जो भी समस्याएं होती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा एवं जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित बनाई गई सैंड आर्ट को देखकर कलाकार की मुख्यमंत्री ने सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण, मोहनियां के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार प्रागंण का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से बाजार समिति प्रांगण में किसानों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रांगण में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न कृषि उत्पादों एवं नए कृषि यंत्रों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना हेतु अनुदान राशि का सांकेतिक चेक तथा स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के समक्ष कलाकारों ने पराली जलाने से होनेवाले नुकसान पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री ने अधौरा प्रखंड में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण को लेकर चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। अधौरा प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज के निमार्ण से छात्र–छात्राओं को अध्ययन के लिये अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा। इस डिग्री कॉलेज के निर्माण से लगभग 50 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं भवन निर्माण निगम द्वारा मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत अधौरा प्रखंड में निर्मित कराए गए फुटबॉल स्टेडियम का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन कर निरीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अधौरा का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। फुटबॉल स्टेडियम अधौरा का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने अन्य विभागीय योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित सोन–कोहिरा नदी लिंक योजना का करकटगढ़ ईको पर्यटन क्षेत्र से स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सोन नदी कोहिरा लिंक परियोजना के विकसित हो जाने से चैनपुर, चाँद एवं भगवानपुर प्रखण्ड में 10000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विकास हो सकेगा और किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिल सकेगा। साथ ही इससे लगभग 450000 की आबादी लाभान्वित होगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, श्रम संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सिंह, विधायक श्रीमती संगीता कुमारी, विधायक श्री अशोक कुमार सिंह, विधायक श्री भरत बिंद, विधान पार्षद श्री जीवन कुमार, पूर्व सांसद श्री महाबली प्रसाद सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरवड़े, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सत्य प्रकाश, कैमूर के जिलाधिकारी श्री सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री हरि मोहन शुक्ला सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******